लीनेस क्लब ने विभिन्न प्रकार के पौधे का रोपण कर लिया सुरक्षा का संकल्प

4





2011 से संचालित

शंकराचार्य

स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई

B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING

प्रवेश के लिए संपर्क करें

मो.: 83193 47482, 81030 45003

Website : ssscn.ac.in


## सप्ताह भर पहले दी थी चेतावनी, फिर भी नहीं जागे अफसर

# अंग्रेजी व्याख्याता शहर में अटैच, सिऊंड स्कूल में बच्चों व पालकों ने जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शहर के स्कूल में अटैच अंग्रेजी के व्याख्याता को मूल शाला में वापस बुलाने की मांग को लेकर सिऊंड स्कूल के बच्चों और अभिभावको ने मोर्चा खोल दिया। उन्होंने स्कूल के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया और सभी परिसर में बैठ गए। खास बात यह है कि उनके द्वारा एक सप्ताह भर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी व जिम्मेदार जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर तालाबंदी की चेतावनी दी गई थी। बावजूद इसके उनकी मांग पर ध्यान नहीं दिया। जिससे क्षुब्ध होकर उन्होंने तालाबंदी की।

जिले के नवागढ़ ब्लाक अंतर्गत हाईस्कूल सिऊंड में पढ़ने वाले बच्चे और अभिभावकों के साथ ग्रामीणों ने मंगलवार 22 जुलाई को मोर्चा खोल दिया। उन्होंने सुबह स्कूल खुलने के समय मुख्य गेट पर ताला लगा दिया और बाहर परिसर में सभी नारेबाजी करते हुए बैठ गए। उनका कहना था कि उनके स्कूल में पदस्थ अंग्रेजी के एक शिक्षक को 3 साल से अटैच करके नवागढ़ आत्मानंद विद्यालय में रखा गया है जबकि दूसरे शिक्षक को अभियुक्तयुक्तकरण में अतिशेश बताकर बाहर कर दिया। जिसके कारण अंग्रेजी विषय की पढ़ाई ठप हो गई। इसके अलावा विद्यालय में संस्कृत शिक्षक भी नहीं है। उनका कहना था कि इस समस्या को लेकर सप्ताह भर पहले विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी और जिले के मुखिया कलेक्टर के नाम से ज्ञापन सौंपा गया था। साथ ही 7 दिवस के भीतर मांग पूरी नहीं होने पर 22 जुलाई को स्कूल में तालाबंदी करने की चेतावनी भी दी गई थी। इसके बाद भी उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया। जिससे क्षुब्ध होकर तालाबंदी की है। इधर स्कूल में तालाबंदी की सूचना पर शिक्षा विभाग के साथ प्रशासन का अमला पहुंचा। उन्होंने बच्चों व पालकों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे अपनी मांगों पर अडे रहे और पढ़ाई लिखाई चौपट रही। बाद में उच्चाधिकारियों के आश्वासन पर मामला शांत हुआ।



शिक्षक की मांग को लेकर स्कूल में ताला जड़ने पहुंचे बच्चे व अभिभावक तथा इंसेट में स्कूल में लगा ताला।

### बेलगाम शिक्षा विभाग , प्रशासन संवेदनहीन

जिले में शिक्षा विभाग पूरी तरह से बेलगाम हो चला है। वहीं अब तो प्रशासन की संवेदनशीलता पर भी सवाल उठने लगे है। एक समय था जब जिले में कही चक्काजाम और स्कूलों में तालाबंदी की भनक भी लग जाए तो पूरा प्रशासन अलर्ट हो जाता था। ना केवल विभाग वाले बल्कि प्रशासनिक अधिकारी समय से पहले मौके पर पहुंचकर उक्त समस्या का समाधान ढूंढ लेते, लेकिन वर्तमान में जहां जिले में शिक्षा विभाग लापरवाही और मनमानी की मिसाल कायम करने में लगा है तो वहीं लचर प्रशासनिक व्यवस्था के चलते बच्चों के आंदोलन पर उतरने और स्कूलों में तालाबंदी की घटनाएं आम होने लगी है। पखवाड़े भर में पामगढ़ ब्लाक के मेऊ के बाद नवागढ़ ब्लाक के सिऊंड स्कूल में तालाबंदी की इस घटना ने शिक्षा विभाग की लापरवाही और मनमानी के साथ प्रशासन की संवेदनशीलता पर भी सवाल खडे कर दिए है।

### फिर कराएंगे अवगत

अंग्रेजी का शिक्षक तत्कालीन कलेक्टर के आदेश पर अटैच है। तालाबंदी की चेतावनी पर उसका अटेचमेंट समाप्त करने अथवा शिक्षक व्यवस्था करने कलेक्टर को अवगत कराया गया था। तालाबंदी के बारे में जानकारी देकर फिर से अवगत कराएंगे।

-अश्वनी भारद्वाज,
डीईओ, जांजगीर

## रेत का उत्खनन व परिवहन, हाइवा व मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

बरसात के मौसम में रेत के उत्खनन व परिवहन पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाई गई है। बावजूद इसके शिवरीनारायण में उत्खनन व परिवहन कार्य धडल्ले से चल रहा है। इस पर कार्रवाई करते हुए वाहनों की जब्ती बनाई गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के बैराज मोड़ के समीप विगत दिनों से अवैध रूप से रेत का भंडारण किया जा रहा था। सोमवार को मुखबिर से सूचना मिलने पर तहसीलदार शनूरुटी अपनी राजस्व टीम और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि एक जेसीबी मशीन और हाइवा वाहन के माध्यम से रेत की ढुलाई और डंपिंग का कार्य जारी था जिसे उचे दामों में बेचने की फिराक में थे। मौके पर उपस्थित व्यक्तियों से जब तहसीलदार ने रेत डंपिंग और मशीन संचालन के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे, तो वे कोई भी वैध अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। इससे स्पष्ट हो गया कि रेत का भंडारण पूरी तरह से अवैध था और शासन की खनिज नीति के विपरीत था। तहसीलदार ने मौके पर ही रेत डंपिंग को रुकवाते हुए संबंधित वाहनों को जब्त कर थाना के सुपुर्द कर दिया। इसके साथ ही अवैध खनन से जुड़े लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।इस कार्रवाई से नगर में हड़कंप मच गया है। आम जनता में प्रशासन की तत्परता और निष्पक्षता को लेकर सकारात्मक संदेश गया है। विगत दिनों से जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में चल रही अवैध रेत डंपिंग को रोकने की दिशा में यह एक बड़ा कदम माना जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने भी तहसीलदार के इस निर्णय की सराहना की है।




ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई

ITI AKALTARA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)

मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलोदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)

89595-93946 • 89595-44444


## खबर संक्षेप

### 47वीं पुण्यतिथि पर आज याद किए जाएंगे बीडी महंत



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के अस्मिता के प्रतीक जननायक अविभाजित मध्यप्रदेश के मंत्री स्व. बिसाहूदास महंत की 47वीं पुण्यतिथि बुधवार 23 जुलाई को मनाई जाएगी। इस दौरान बीडी महंत बालोद्यान जांजगीर में बुधवार को 3:30 बजे श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत एवं कोरबा लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे।

### फार्मर रजिस्ट्री के लिए आज से 31 तक समितियों में लगेगा कैम्प

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा छ.ग. राज्य में एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत कृषक पंजीयन का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2025-26 में धान खरीदी कृषक पंजीयन के आधार पर किया जाना है। इसके लिए समितिवार दल गठित की गई है। उक्त गठित दल के माध्यम से कृषकों का फार्मर रजिस्ट्री के लिए सेवा सहकारी समितियों में 23 से 31 जुलाई तक कैम्प आयोजित कर पंजीयन किया जाएगा।

### आगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदा अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र सत्तीगुड़ी 117 में कार्यकर्ता पद एवं आंगनबाड़ी केन्द्र नगरपंचायत बलौदा वार्ड 10 एवं बलौदा वार्ड 13 में सहायिका पद हेतु 6 अगस्त तक आवेदन कार्यालयीन समय में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से आवेदन आमंत्रित किया गया है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदा से संपर्क किया जा सकता है।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन : संविदा पदों पर भर्ती हेतु चयन प्रतिक्षा सूची जारी

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में जिला स्तर के रिक्त 48 संवर्ग के 148 संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिसमें 15 संवर्ग के 21 संविदा पद के लिए कौशल परीक्षा आयोजित किया गया था। उक्त संविदा पदों का शैक्षिणक योग्यता, अनुभव अंक एवं कौशल परीक्षा व साक्षात्कार में प्राप्त अंको के आधार पर चयन समिति द्वारा चयन एवं प्रतिक्षा सूची जारी किया गया है। जिसे जिले के वेबसाइट में भी अवलोकन किया जा सकता है एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला जांजगीर चांपा के नोटिस बोर्ड में भी चस्पा किया गया।

### जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन आज

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से बुधवार 23 जुलाई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

## रास्ता रोककर लूट करने वाले 2 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** रात्रि में रास्ता रोककर 60 हजार रुपए की लूटपाट करने वाले 2 फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा थाना का है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 24 जनवरी की रात्रि 8 बजे कुछ लोग तरौद आम रोड के पास आरोपियों द्वारा नारद कुमार कश्यप निवासी किरारी थाना अकलतरा का मोटर सायकल एचएफ डिलक्स तथा एक मोबाईल को लूटकर भाग गए। सूचना पर रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में धारा 309(4), 3(5), 310(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना दौरान हाईवे रोड में लगें एवं आस पास के ग्रामों में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी अमन कुमार साहू, सूरज कुमार घृतलहरे, राम लोचन पटेल, प्रकाश को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्डर पर एवं एक अपचारी बालक को किशोर न्यायालय भेजा जा चुका है। वहीं घटना के बाद से फरार आरोपी मुलमुला निवासी लाकेश्वर वैष्णव एवं चंदन वैष्णव को गिरफ्तार किया गया है।







## खबर संक्षेप

### शासकीय जमीन पर बिना अनुमति पाटा जा रहा राखड़



**डभरा।** राखड़ माफिया पूरे क्षेत्र में हावी हो गए हैं। उनके द्वारा किसी भी शासकीय जमीन पर बिना अनुमति के कहीं भी राखड़ पाट जा रहा हैं और प्रशासन के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया जा रहा है। ताजा मामला तहसील डभरा अंतर्गत ग्राम मड़वा का है जहां के एफ सी आई गोदाम के सामने शासकीय जमीन पर बिना अनुमति के जहरीला राखड़ पाटा जा रहा है। अगल बगल कृषि जमीन है जिससे फसल को नुकसान होने की संभावना है, वहीं समीप ग्राम डोमनपुर में पहले से शासकीय जमीन को खोदकर राखड़ पाटा जा रहा है। इस सम्बन्ध में जानकारी मिली कि जिस जमीन का खसरा एवं बी वन दिखाकर अनुमति लिया गया है वह जमीन लगभग छह एकड़ है और राखड़ दस एकड़ जमीन पर पाट रहे हैं। राखड़ माफिया किसी एक जमीन का अनुमति लेते हैं और उस एक अनुमति पर कई जगह पर राखड़ पाटते है ग्राम मड़वा में जिस शासकीय जमीन पर राखड़ पाटा जा रहा है वह मुख्य सड़क से जुड़ा हुआ है जिससे आने जाने वाले राहगीरों को भी परेशान कर रहा है। सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि आए दिन अवैध राखड़ पाटने का खबर प्रकाशित हो रहा है और मौखिक रूप से अधिकारियों अवगत भी कराया जा रहा है फिर भी उन पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है जिससे साफ दिखाई दे रहा है कि राखड़ माफियाओं को प्रशासन का खुला समर्थन मिल रहा है।

### रात्रि में रास्ता रोककर 60 हजार रुपए लूटने वाले दो फरार आरोपी गिरफ्तार




**अकलतरा।** रात्रि में रास्ता रोककर लूट करने वाले 2 फरार आरोपियों को पकडने में अकलतरा पुलिस को सफलता मिली है। 24 जनवरी को रात्रि लगभग 8 बजे थाना अकलतरा क्षेत्रांतर्गत तरौद मेन रोड के पास आरोपियों द्वारा प्रार्थी नारद कुमार कश्यप निवासी किरारी थाना अकलतरा का मोटर सायकल एचएफ डिलक्स तथा एक मोबाईल जुमला कीमती 60 हजार रूपये को लूटकर भाग गये थे जिसकी सूचना पर रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में अपराध क्रमांक 32/2025 धारा 309(4), 3(5), 310(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण की विवेचना दौरान हाईवे रोड में लगें एवं आस पास के ग्रामों में लगे सीसीटीवी फुटेज व तकनिकी जानकारी के आधार पर आरोपी अमन कुमार साहू, सूरज कुमार घृतलहरे, राम लोचन पटेल, प्रकाश उर्फ भोला द्वारा घटना घटित करना पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्डर पर एवं एक विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्यायालय भेजा जा चुका है। लूट प्रकरण की फरार आरोपियों की पातासाजी को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में फरार आरोपी लाकेश्वर वैष्णव उर्फ सूरज उम्र 22 वर्ष निवासी लोडर कॉलोनी अमोरा थाना मुलमुला एवं चंदन उर्फ दामेश वैष्णव साकिन लोडर कॉलोनी अमोरा थाना मुलमुला को मुखबिर सूचना के आधार पर पकड़कर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा, उप निरीक्षक बी.एल कोसरिया, आरक्षक राजेन्द्र कहरा, कमल बहादुर क्षत्रिय का योगदान रहा।

भाजपा ईडी एवं सीबीआई के माध्यम से कांग्रेस के नेताओं को प्रताड़ित करना बंद करें : डॉ महंत

# तरौद चौक पर कांग्रेसियों ने किया दो घंटे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर तरौद चौक में मंगलवार 22 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आर्थिक नाकेबंदी चक्काजाम किया जिसमें बड़ी संख्या में जिले के कांग्रेसजन सम्मिलित हुए तथा केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा विपक्ष के नेताओं के विरुद्ध सरकारी एजेंशियों के विरुद्ध नारेबाजी कर विरोध किया गया।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि यह आर्थिक नाकेबंदी प्रदेश की खनिज संपदा कोयला को लूटने आये बड़े-बड़े उद्योगपति अडानी, अंबानी, मित्तल जो बस्तर सरगुजा को बर्बाद करने आये है उनके लिए चेतावनी है कि वे छत्तीसगढ के लोगो के साथ अन्याय बंद करें तथा इसके विरोध करने वाले नेताओं को ईडी, सीबीआई के माध्यम से प्रताड़ित करना बंद करें। इस कड़ी में बस्तर के पूर्व मंत्री प्रदेश के युवा विधायक एवं अब पूर्व मुख्यमंत्री के सुपुत्र को ईडी के माध्यम से प्रताडित किया जा रहा है जो कि पूरी तरह अनुचित है। छत्तीसगढ़ में कहावत है कि मैं तुमसे नहीं जीत सका तो तुम्हारे पेट के बच्चों से बदला लुंगा चरितार्थ कर रहे है जिसके विरुद्ध सभी कांग्रेस एक है।कार्यक्रम के संयोजक विधायक व्यास कश्यप ने अपने उदबोध में कहा कि ईडी के द्वारा जिस प्रकार विधायक कवासी लकमा देवेन्द्र यादव के बाद चैतन्य बघेल को ईडी के माध्यम से प्रताड़ित किया जा रहा है जिसकी विभिन्न मामले सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा भी ईडी को फटकार लगाई गई है, इस पर रोक लगाई जाये, शासन तो आता जाता रहता है इन संस्थाओं को केन्द्र एवं राज्य सरकार की कटपुतली बनाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करना बंद करें। क्षेत्रीय विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि हमने विधानसभा में अडानी द्वारा किये जा रहे जंगलो की कटाई का विरोध किया तथा जो नारे यहां लगा रहे है ऐसे नारे लगाने पर सदन से बाहर कर दिया गया केन्द्र एवं राज्य सरकार के कारनामों को कांग्रेस सड़क से लेकर विधानसभा तव उठाते रहेगी, कांग्रेसजन सरकारी एर्जेशियों के दुरुपयोंग कर प्रताडित करने से डरने वाले नहीं है ये तो अंगड़ाई है आगे बड़ी लड़ाई के लिए भी हम तैयार है। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन छत्तीसगढ़ हज कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद इमरान ने किया। इस अवसर पर शिशिर द्विवेदी, रमेश पैगवार, नागेन्द्र गुप्ता, रामकुमार पटेल, मंजू सिंह, रफीक सिद्दीकी, विवेक सिसोदिया, लोकेश राठौर, संतोष गुप्ता रिधारी यादव संदीप यादव, सौरभ सिंह, दिवाकर राणा, अविनाश साहू, हरप्रसाद साहू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए केन्द्र सरकार की कार्यप्रणाली एवं सरकारी एजेशियों के दुरुपयोग की निंदा की। इस अवसर पर सीमा शर्मा, प्रिंस शर्मा, पप्पू शर्मा, गोविंद कश्यप, राधे थवाईत, प्रवीण पांडे, अरमान खान, महारथी बघेल, उत्तम पाटले, भगवान दास गढ़वाल, खुलन सोनवानी, भविष्य चंद्राकर, मोइद बाबा, जयदीप सिंह, हर्षवर्धन सिंह, संतोष सिंह,विजय खांडेल, राजेश जैन, मनोज केडिया, अंकित सिंह, राज सिंह, राजू जैन, कविता डहरिया, कन्हैया राठैर, सदन यादव, नवल सिंह, दिनेश मिरी, शशि डहरिया, पूर्णेन्द्र सिंह, अलख श्रीवास, जीतू वर्मा, अजीम खान, राजा कश्यप, अशोक अरोरा, लिंकन रात्रे, नवल सिंह ठाकुर, सुनील साधवानी, गुलशन सोनी, राजेश अग्रवाल, पंकज शुक्ला, गौरव सिंह, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन सम्मिलित हुए। शांति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस की भुमिका सराहनीय रही।



राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम करते कांग्रेसी।



चक्काजाम में शामिल छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत एवं कांग्रेस कार्यकर्ता।



मेडिकल दुकान में जांच करते अधिकारी।

## मेडिकल एवं किरानों दुकानों में ड्रग निरीक्षकों ने दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

औषधी प्रशासन विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा करीब 15 संस्थानों जिनमें मेडिकल, मनिहारी एवं किराना दुकानों में दबिश देकर क्रय विक्रय की जांच की।इस दौरान संस्थानों में एक्सपायरी दवा एवं अन्य सामना नहीं रखने की हिदायत दी। वहीं सामानों का सैम्पल लेकर उसे जांच के लिए प्रयोग शाला रायपुर भेजा गया।

गौरतलब है कि औषधी प्रशासन विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा डग कंट्रोलर दीपक अग्रवाल के निर्देश पर सोमवार 21 जुलाई को जिला औषधी नियंत्रक रविन्द्र गेंदले एवं उनकी टीम ड्रग इंस्पेक्टर सुमित परिहार, भुवनेश्वर मोहले, हितेन्द्र बाम्बोडे एवं दुर्गेश केवट के द्वारा जांजगीर स्थित महेश मेडिकल, सुभाष मेडिकल, अशोक मेडिकल, नावेल्टी मनिहारी, राजू किराना स्टोर्स, शिवरीनारायण में यादव जनरल स्टोर्स, अरविंद मेडिकल, आर के मेडिकल, अनिल मेडिकल इसी प्रकार सक्ती जिले के सक्ती मे कृष्णा मेडिकल, सोनकेसरिया, आनंद मेडिकल, बालाजी मेडिकल, यश ट्रेडर्स सहित करीब 15 दुकानों में दबिश दी। इस दौरान दुकानों में क्रय विक्रय की जांच पडताल की गई। जांच करके संबंधित दुकानों से दवा एवं अन्य सामनों का सैम्पल लेकर उसे जांच के लिए प्रयोग शाला रायपुर भेजा गया। इसके अलावा औषधी प्रशासन विभाग की टीम के द्वारा नशीली दवाओं के अवैध रूप से भंडारण एवं विक्रय को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इस बीच दुकानों में औचक निरीक्षण करके नशीली दवा रखने के मामले सामने आने पर नियमो के तहत कार्यवाही भी की जा रही है। इसके पूर्व भी विभाग की टीम के द्वारा मेडिकल दुकानों में औचक निरीक्षण करने के साथ साथ एक्सपायरी दवा रखने के मामले को लेकर कई मेडिकल संस्थान के संचालको को नोटिश जारी करते हुए संबंधित संस्थान को निलंबित करने की कार्यवाही की जा चुकी है।

**खास बात**

- क्रय-विक्रय की जांच कर एक्सपायरी दवा रखने पर कार्यवाही करने दिए निर्देश


**की गई जांच**

मेडिकल, किराना एवं मनिहारी दुकानों में दबिश देकर क्रय विक्रय की जांच की गई। इस बीच सामानों का सैम्पल लेकर उसे जांच के लिए प्रयोग शाला रायपुर भेजा गया। वहीं दुकानों में एक्सपायरी सामान पाए जाने पर कार्यवाही करने की चेतावनी भी दी गई।

**-रविन्द्र गेंदले,**
औषधी नियंत्रक
औषधी प्रशासन विभाग
जांजगीर-चांपा

## पुण्य तिथि के अवसर पर आज याद किए जाएंगे स्व. बीडी महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



- अस्पताल में भर्ती मरीजों को किया जावेगा फल एवं ब्रेड का वितरण

अविभाजित म.प्र. शासन के पूर्व मंत्री तथा क्षेत्र के मूर्धन्य जननेता स्व. बिसाहू दास महंत की 47 वीं पुण्यतिथि बुधवार 23 जुलाई को परंपरानुसार मनाई जावेगी। इस अवसर पर बिसाहूदास महंत स्मृति समिति चांपा के तत्वाधान में सुबह 10 बजे बिसाहू दास महंत शासकीय चिकित्सालय तथा 11 बजे हनुमानधारा स्थित बिसाहूदास महंत इण्डोर स्टेडियम में स्व. महंत जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उपस्थितजन समूह द्वारा भावनात्मक श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। कार्यक्रम में स्व. महंत की पुत्रवधू तथा कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, उनके कनिष्ठ पुत्र राजेश महंत, उनकी कनिष्ठ पुत्रवधू श्रीमती श्रद्धा महंत तथा पौत्र सूरज महंत विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे।

तय कार्यक्रम के अनुसार क्षेत्र के लोकप्रिय जननेता, अजात शत्रु के नाम से विख्यात म.प्र. शासन के पूर्व मंत्री स्व. बिसाहू दास महंत की 47 वीं पुण्यतिथि बुधवार 23 जुलाई को परंपरानुसार मनाई जावेगी। इस अवसर पर सुबह 10 बजे बिसाहू दास महंत शासकीय नागरिक चिकित्सालय चांपा में स्व. महंत की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी जावेगी। कार्यक्रम में कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, उनके कनिष्ठ पुत्र राजेश महंत, उनकी कनिष्ठ पुत्रवधू श्रीमती श्रद्धा महंत तथा पौत्र सूरज महंत विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे। इसके बाद प्रातः 11 बजे हनुमानधारा स्थित बिसाहूदास महंत इण्डोर स्टेडियम में स्व. महंत जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उपस्थितजन समूह द्वारा भावनात्मक श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इस मौके पर नगर एवं अंचल के अनेक गणमान्य नागरिक और सभी राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता उपस्थित होकर जननेता स्व. बी.डी. महंत को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल एवं ब्रेड का वितरण किया जावेगा। बिर्रा रोड स्थित सहकारी विपणन एवं प्रक्रिया संस्था मर्यादित के कार्यालय में भी स्व. महंत की 47वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये जायेंगे। स्व. बी.डी महंत स्मृति समिति ने नगर एवं अंचल के लोगों से बिसाहूदास महंत चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर अंचल के लोकप्रिय जननेता को श्रद्धा सुमन अर्पित करने की अपील की है।

## सीमा पर तैनात जवानों के लिए छात्राएं भेजेंगी अपने हाथों से बनाई राखियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का अभिनव प्रयास, एक राखी सैनिक भाई के नाम अभियान शुरू

देशभक्ति और भाईचारे की भावना को साकार करते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय रायपुर द्वारा रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में "एक राखी सैनिक भाई के नाम" अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान के तहत प्रदेशभर की स्कूली गाइड्स व रेंजर छात्राएं अपने हाथों से बनी राखिया भारतीय सैनिकों को भेजेंगी, जो सीमाओं पर तैनात रहकर देश की रक्षा कर रहे हैं।

यह अभियान राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन में पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में और जांजगीर-चांपा जिले में जिला मुख्य आयुक्त हितेश यादव के नेतृत्व में संचालित किया जाएगा। जिले में अभियान के प्रभावी संचालन हेतु जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी ए. के. भारद्वाज द्वारा समस्त प्राचार्यों और प्रधानपाठकों को पत्र जारी कर गाइड्स, रेंजर्स, स्काउट्स एवं रोवर्स यूनिट्स को इसमें सक्रिय भागीदारी हेतु निर्देशित किया गया है। जिला सचिव दीपक कुमार यादव, डीओसी स्काउट डॉ. सुरेंद्र कुमार सोनी एवं डीटीसी स्काउट पूरनलाल पटेल ने बताया कि इस अभियान के जिला प्रभारी के रूप में डीटीसी गाइड डॉ. धनमत महंत को नियुक्त किया गया है। इस अभियान की जिम्मेदारी डीओसी गाइड कु. श्वेता जायसवाल तथा वरिष्ठ गाइडर्स श्रीमती अरुणा व्यास मिरी, श्रीमती गौरी साहू, दुर्गेश नंदनी राठौर, नंदनी यादव, देवकी वैष्णव, श्रीमती प्रतिभा यादव को सौंपी गई है। वहीं ओपन रेंजर टीम से बेबी ख्याति सोनी, पायल पटेल और काजल पाटले ममता बिंझवार अभियान के लिए सभी यूनिट्स को प्रेरित करेंगी । 27 जुलाई तक जिले भर की छात्राओं से राखियां एकत्र कर उन्हें लिफाफे में पैक कर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय (स्काउट खंड), या आवक जावक खंड में रखें बॉक्स में विवेकानन्द मार्ग, पुराना कलेक्टोरेट परिसर, जांजगीर में अनिवार्यतः जमा कराना है। इन राखियों को राज्य मुख्यालय के माध्यम से सेना मुख्यालय, नई दिल्ली भेजा जाएगा ताकि रक्षाबंधन के पावन अवसर पर देश के वीर सपूतों की कलाई भी बहनों के प्रेम से सजी रहे। इसके साथ ही सभी गाइड-रेंजर छात्राओं को राखी निर्माण, समूह चित्र (फोटोग्राफ) और वीडियो तैयार कर सोशल मीडिया पर साझा करने के निर्देश दिए गए हैं।



सीमा पर तैनात जवानों के लिए राखी बनाती छात्राएं।






## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को अपडेट रहना चाहिए : डॉ प्रशांत

**कोरबा।** यह बातें कमला नेहरू महाविद्यालय के विज्ञान विभाग में भ्रूण विज्ञान पर आयोजित व्याख्यान में प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने कहीं। इस व्याख्यान में एम्स भुवनेश्वर की नर्सिंग ऑफिसर और नियोनेटल आईसीयू की विशेषज्ञ रुक्सार खातून ने छात्रों को भ्रूण विज्ञान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रुक्सार खातून ने अपने व्याख्यान में भ्रूण के सम्पूर्ण विकास की प्रक्रिया और तंत्रिका तंत्र के विकसित होने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। उन्होंने छात्रों को भ्रूण विज्ञान के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी और उनके सवालों का जवाब दिया। प्राचार्य प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनिल राठौर, सहायक प्राध्यापक डॉ सुनीरा वर्मा, वेद व्रत उपाध्याय, निधि सिंह और लैब अटेंडेंट दिनेश उपस्थित रहे। छात्रों ने व्याख्यान में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने ज्ञान को बढ़ाया। व्याख्यान मे एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र छात्राओं ने सेहभागिता की। यह व्याख्यान छात्रों के लिए बहुत ही उपयोगी साबित हुआ। उन्हें भ्रूण विज्ञान के बारे में विस्तार से जानकारी मिली और उनके सवालों का जवाब मिला। इस व्याख्यान से छात्रों को अपने ज्ञान को बढ़ाने और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने में मदद मिली।

### वयोवृद्ध शिविर में 44 वृद्धजन हुए लाभान्वित

**हरदीबाजार।** वयोवृद्ध शिविर पीएचसी उतरदा सीएमएचओ एवं आयुष विभाग के मार्गदर्शन में प्रति सोमवार वयोवृद्ध मरीजों का विशेष जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। चिकित्सा शिविर में 44 वृद्ध जनों ने अपना जांच करवाया। इसमें ज्यादातर शुगर, बीपी और मौशमी रोगों मरीजों को चिन्हांकित कर दवाई दिया गया शिविर में मुख्य रूप से डॉ गणेश प्रभुवा, डॉ मीनाक्षी राठौर, डॉ भवानी थवाईत ने अपना योगदान दिया। डॉ प्रभुवा द्वारा बरसात के मौसम को देखते हुए वृद्ध जनों को खान पान, दिनचर्या, रितुचर्या एवं स्वच्छता की जानकारी दिया गया। बारिश की पानी में भीगने से बचे, साफ पानी पिए या उबाल कर पीना योग आदि करे और आयुर्वेद के नियमों का विशेष पालन करने सलाह दिया गया।

### बिहान योजना से मिल रही आर्थिक मजबूती

**कोरबा।** कटघोरा में रहने वाली श्रीमती सोनी के घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। पति अकेले कमाने वाले थे और घर खर्च चलाना मुश्किल हो रहा था। अपने बच्चों के भविष्य और अपने आत्मसम्मान के लिए नीलम ने ठान लिया कि कुछ करना है। उन्होंने अपनी बेटी श्रिया के नाम पर श्रिया स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपनी नई यात्रा की शुरुआत की। यही वह मोड़ था जहाँ से उन्होंने अपने जीवन को नए रंगों से रंगना शुरू किया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सरकार द्वारा संचालित बिहान योजना से जुड़कर श्रीमती नीलम सोनी को एक नई दिशा और पहचान मिली।

### माँ जगदंबा के उत्सव की तैयारियां शुरू

**कोरबा।** पंडित रविशंकर शुक्ला नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आदि शक्ति मां जगदंबा का पावन पर्व भक्ति और भव्यता के साथ मनाने की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। आगामी उत्सव के सफल आयोजन हेतु पंडित रविशंकर शुक्ला नगर दुर्गा पूजा उत्सव समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व वर्षों की गौरवशाली परंपरा को बनाए रखते हुए इस वर्ष भी विधि-विधान से भव्य पंडाल में माता की दिव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

## निरुद्ध बंदियों को पेशी पर ले जाने वाहन व सुरक्षा के लिए होती थी परेशानी

# जिला जेल में निरुद्ध कैदियों की सुरक्षा में नहीं होगी चूक, वीसी के माध्यम से हो रही है पेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला जेल में निरुद्ध कैदियों को पेशी के लिए लव लस्कर के साथ न्यायालय ले जाना पड़ता था। जिसमें अक्सर कैदियों के भागने का खतरा रहता था या फिर किसी अनहोनी की आशंका रहती थी लेकिन अब जेल में निरुद्ध कैदियों को न्यायालय नहीं ले जाना पड़ेगा बल्कि जेल के भीतर से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उनकी पेशी हो सकेगी। इसके लिए शासन ने जेल प्रबंधन को आदेश जारी कर दिया है जिसके परिपालन में जेल प्रबंधन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी भी शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में विभिन्न अपराधों में शामिल कैदियों के जेल में निरुद्ध होने के दौरान उन्हें उनकी पेशी आने पर पुलिस प्रशासन के वाहन में चाक चौबंद्ध व्यवस्था सुरक्षा घेरे के दौरान उन्हें प्रतिदिन कैदियों को जिला जेल से जिला न्यायालय ले जाना पड़ता था। इस काम में सुबह से शाम का वक्त लग जाता था। इस दौरान बड़े पैमाने पर पुलिस के अधिकारी, कर्मचारियों को सुबह से शाम तक किसी काम में लगा रहना पड़ता था और कई बार मौके का फायदा उठाकर कैदी भागने में सफल भी हो जाते थे। जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बढ़ती समस्याओं को देखते हुए शासन ने अब जेल में निरुद्ध कैदियों को जेल के भीतर से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से न्यायालय में पेशी में उपस्थित होने का आदेश जारी कर दिया है। जिसके लिए जेल प्रबंधन ने जेल के भीतर ही कटघरा तैयार कराया है और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सारी तैयारी कराई गई है। आदेश जारी होते ही जेल में निरुद्ध कैदियों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से न्यायालय में उनकी उपस्थिति दर्ज कराई जा रही है और उनकी पेशी भी हो रही है।


वीसी सेंटर जहां से होती है कैदियों की पेशी।




### एक साथ चार मामलों की हो रही है सुनवाई

जेलर विजयानंद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला जेल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी की सुनवाई शुरू हो चुकी है। जिला जेल में चार मामलों की सुनवाई एक साथ हो रही है इसके लिए 4 अलग कटघरे व इलेक्ट्रानिक संसाधन तैयार किए गए हैं। इसके लिए व्यवस्था बनाई गई है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई में लगातार तेजी आ रही है और मामले लगातार में बढ़ भी रहे हैं।

### सुरक्षा व्यवस्था हुई पुख्ता

जेल में निरुद्ध कैदियों का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से न्यायालय में पेशी कराई जा रही है। इसके शुरु हो जाने से सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता हुई है। साथ ही सुनवाई में तेजी आयी है।

**-विजयानंद सिंह,** जेलर

### क्या होगा फायदा

प्रायः यह देखने में आता है कि माननीय न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में अभियुक्तों एवं साक्षियों के परीक्षण हेतु उन्हें व्यक्तिगत रूप से आहूत किया जाता है। जेल से आरोपियों को न्यायालय में उपस्थित कराने की प्रक्रिया में अत्यधिक समय एवं बल की आवश्यकता होती है। कभी-कभी अभियुक्तों की सुरक्षा के लिए भी खतरा उत्पन्न हो जाता है। इसी प्रकार चिकित्सक, बैंककर्मी एवं अन्य लोक सेवकों के न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने से न सिर्फ उनका लोक कृत्य प्रभावित होता है बल्कि शासन पर उनके आवागमन के व्यय का अतिरिक्त भार भी पड़ता है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में विहित प्रावधानों के अनुपालन में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अभियुक्तों एवं साक्षियों की न्यायालय में श्रव्य दृश्य इलेक्ट्रॉनिक साधनों से उपस्थिति एवं परीक्षा सुनिश्चित किये जाने के संबंध में कार्यवाही किया जाना आवश्यक एवं वांछनीय है।

# एचएमएस ने गेवरा प्रोजेक्ट में 26वीं बार बनाया दबदबा


खुशियां मनाते एचएमएस के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोलइंडिया के अधीन संचालित एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा परियोजना के कोयला मजदूर सभा एचएमएस ने गेवरा मेगा परियोजना के यूनियन सदस्यता सत्यापन में एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखा है।

लगातार 26 वर्षों से यह यूनियन इस मेगा परियोजना में नंबर वन स्थान पर बरकरार है। इस बार के सदस्यता सत्यापन में कोयला मजदूर सभा एचएमएस ने 514 सदस्यों के साथ पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि संगठन के पदाधिकारियों और कर्मठ सदस्यों की जी तोड़ मेहनत का नतीजा है। संगठन के वरिष्ठ साथियों के साथ युवा जुझारू साथियों ने भी सदस्यता सत्यापन में बढ़-चढ़ कर अपनी जिम्मेदारी निभाई। उनके जोश और जूनून ने संगठन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कोयला मजदूर सभा एचएमएस के महामंत्री एस.डी. मानिकपुरी ने कहा कि यह उपलब्धि हमारे संगठन की मजबूती और एकता का परिणाम है।

### कुसमुण्डा में बीएमएस ने फिर लहराया परचम

एसईसीएल में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान में वर्ष 2025 में एक बार फिर बीएमएस ने अपना परचम लहराया है। लगातार 20 वर्षों से बीएमएस अपना प्रथम स्थान हासिल कर रही है। वर्ष 2025 में कुसमुण्डा में सदस्यता अभियान में बीएमएस ने बीएमएस 1282, एचएमएस 613, एटक 929, इंटक 517 सदस्यता हासिल की है। जबकि एसईसीएल कर्मचारियों ने 291 नोटा में भी अपना वोट किया था।

# मिलावट की आशंका पर 2 क्विंटल खोवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी के पर अंकुश की मंशा लेकर जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मिलावट की आशंका पर कार्रवाई करते हुए 2 क्विंटल खोवा सीज किया गया है। इसके अलावा खाद्य प्रतिष्ठानों से पनीर, खोवा और कुंदा के सैंपल भी एकत्र कर जांच के लिए भेजे गए हैं।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 के तहत जिले में अपमिश्रित खाद्य पदार्थों की रोकथाम हेतु आयुक्त सह नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार पूरे राज्य में पूरे राज्य में एक साथ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जांच अभियान के तहत मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पनीर, खोवा व कुंदा का नमूना संकलन कराया गया। इसी तारतम्य में कोरबा जिले से विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों का नमूना लिया गया। इनमें कोरबा पुरानी बस्ती स्थित वंदना सेल्स से पनीर, लक्ष्य स्वीट्स लालूराम नगर से खोवा, कुसमुंडा स्थित निर्मल डेयरी एंड स्वीट्स से पनीर और दीपका स्थित मधुबन डेयरी से खोवा का नमूना लिया गया। इसके साथ ही मिलावट की आशंका को देखते हुए 2 क्विंटल खोवा को सीज किया गया। सीज किए गए खोआ की कीमत लगभग 30 हजार रुपए के करीब है। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी विकास भगत ने कहा कि यह अभियान उपभोक्ताओं को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने आम जनों से भी अपील की है कि यदि किसी खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता को लेकर संदेह हो तो इसकी सूचना तुरंत संबंधित विभाग को दें, जिससे समय रहते उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### खास बात

- जांच में लिए गए खाद्य प्रतिष्ठानों से पनीर और कुंदा के सैंपल


कार्रवाई करती खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम।

### अलग-अलग घटनाओं में तीन की मौत

**कोरबा।** जिले में अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पहली घटना दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रगति नगर की है। जहां निवासरथ भैयालाल 60 वर्ष पिता चुन्नू अपने मवेशियों को चारा देने गया हुआ था। इसी दौरान किसी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया जब परिजनों को पता चला तो आनन फानन में परिजन उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के शांति विहार की है। यहां निवासरत के. एम. मानवेल 78 वर्ष की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे लेकिन बीच रास्ते में उसकी मौत हो चुकी थी चिकित्सकों ने उसे परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। तीसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र में घटित हुई है जहां अज्ञात वाहन ने रेशमा साहू उम्र 50 वर्ष पति राजू साहू को ठोस दिया था। जिसे पुलिस की मदद से मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को पीएम उपरांत परिजनो के सुपुर्द कर दिया है ।









## खबर संक्षेप

### मासिक बैठक में पहुंचे सीएमओ का नेत्र सहायक अधिकारियों ने किया स्वागत



**अकलतरा।** जिले के नवनियुक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज बर्मन का मासिक बैठक के दौरान विकासखंड अकलतरा के नेत्र सहायक अधिकारियों द्वारा उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड अकलतरा के बीएमओ डॉक्टर महेंद्र सोनी, बीपीएम पार्थ प्रताप सिंह, आरके यादव, प्रीतेश सिंह चंदेल, डी आर भारते ,सत्यजीत कुर्रे ,श्रीमती बबीता पाटले व सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### किसान स्कूल में धूमधाम से मनाया जाएगा हरेली पर्व

**बहेराडीह।** बहेराडीह गांव में स्थित वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी हरेली पर्व को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। लोगों का कहना है कि खेती-किसानी के काम में उपयोग आने वाले कृषि उपकरणों, कृषि औजारों को पानी से धोकर विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की जाती है और गाय बैल के पैर को पानी से धोकर गुलाल से तिलक लगाया जाता है और खीर-पूरी के अलावा नमक, गुड़ के साथ अरंड पत्ती खिलाई जाती है। किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि पिछले साल की भांति इस वर्ष किसान स्कूल में हरेली का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा।

### शिक्षक गौरव सम्मान से डॉ. बोधीराम सम्मानित



**जांजगीर-चांपा।** काशी साहित्य व कला समागम साहित्य पत्रिका सरोज द्वारा संस्था के 11 वे स्थापना दिवस पर वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा,साहित्य,समाज सेवा में उल्लेखनीय कार्य व प्रतिभा पर डॉ.बोधी राम साहू को पंडित मदन मोहन मालवीय शिक्षक गौरव सम्मान 2025 से सम्मान पत्र,स्मृति चिन्ह,चुनरी से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में विलक्षण प्रतिभा,समाज सेवा की भावना,साहित्य सृजन, कला संस्कृति संवर्धन, शिक्षा प्रदेयो, महनीय शोध कार्य,सुदीर्घ हिंदी सेवा, राष्ट्र परिवार,साहित्य और समाज के प्रति समर्पण,प्रेरक व्यक्तित्व पर प्रदान किया गया है। ज्ञात हो कि ये इसके अलावा राज्य, राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लगभग 295 से भी अधिक सम्मानों से विभूषित हो चुके है।इनके सम्मानित होने पर डा. शिवनारायण देवांगन आस, डा.राघवेंद्र राठौर,बसंत चतुर्वेदी,प्रमोद आदित्य, सत्येंद्र सिंह, विजय प्रधान, जे. सी. साहू,दिलीप साहू, केशव साहू, रामरतन साहू ने प्रसन्नता जाहिर की है।

### नगर में 10 किलो वाट सोलर पैनल का हुआ इंस्टालेशन



**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ में विद्युत उत्पादन के क्रम में नगर के मदन जैन के निवास में दस किलोवॉट सोलर पैनल शारदा कंस्ट्रक्शन द्वारा इंस्टॉल किया गया। इससे पूर्व नित्या जैन द्वारा अपने छत में बिजली उत्पादन में रुचि दिखाते हुए प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से सोलर पैनल इंस्टॉल कराने हेतु आवेदन किया गया था जिसको विद्युत विभाग के अधिकृत वेंडर शारदा कंस्ट्रक्शन द्वारा इंस्टॉल कर समस्त विभागीय प्रक्रिया को तीन दिन में पूर्ण कर आज विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों के मदद से सिंक्रोनाइज कराया गया। अब नित्या जैन प्रति माह लगभग 1500 यूनिट विद्युत का उत्पादन अपने छत से करेंगी और विद्युत उत्पादन में आत्म निर्भर बनेगी ।

### बोरदा में मवेशी तस्कर तीन मृत गायों को छोड़कर हुए फरार



**गोधना।** नवागढ़ विकासखंड के ग्राम बोरदा में मवेशी तस्करों ने तीन मृत गायों को गांव के मुख्य मार्ग पर फेंककर भाग निकले। इससे क्षेत्र में तेज बदबू फैल गई, जिससे राहगीरों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम सरपंच ने शिवरीनारायण थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। सरपंच ने बताया कि गायों की मौत के बाद तस्करों ने पकड़े जाने के डर से उन्हें बीच रास्ते में ही छोड़ दिया। ग्राम पंचायत की ओर से तत्परता दिखाते हुए ट्रैक्टर के माध्यम से मृत मवेशियों को हटवाकर गांव से दूर जंगल क्षेत्र में डलवाया गया, ताकि दुर्गंध से राहत मिल सके। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मवेशी तस्करों पर सख्त कार्रवाई हो और गांव में गश्त बढ़ाई जाए।

---

कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा, लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने दिए निर्देश

# ई-ऑफिस के शीर्ष रैंकिंग को बनाए रखने लाएं आवश्यक प्रगति : तोपनो

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार 22 जुलाई को कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने ई-ऑफिस के शीर्ष रैंकिंग को बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सड़कों के गड्ढे, स्कूल,अस्पताल और आंगनबाड़ी में मरम्मत कार्य में तेजी के साथ साथ निर्माण की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने के आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों कर्मचारियो को बरसात के मौसम में उत्पन्न होने वाले मौसमीं बिमारियों को ध्यान में रखते हूए अलर्ट मोड में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होने जिले में डायरिया आदि की समस्या पाये जाने पर उसके ईलाज के लिए आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित रखने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए है। बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गयें। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने वनविभाग और उद्यान विभाग के अधिकारियों से 25 जुलाई को होने वाली पौधरोपण की तैयारियो की जानकारी लेते हुए आयोजन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी विभागो को पेंशन प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में राजस्व अधिकारियों के कार्यों की तहसीलवार विस्तारपूर्वक समीक्षा की तथा राजस्व कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), हर घर जल प्रमाणीकरण की स्थिति, भू अर्जन के प्रकरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, ई-केवायसी, लैंड सीडिंग आदि के साप्ताहिक प्रगति की जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन के कार्य आदि की भी जानकारी ली गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा लोक निर्माण विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशु चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा विभागवार समय सीमा के लंबित प्रकरणों, जनदर्शन, जनचौपाल आदि में प्राप्त शिकायतों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियो को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। समय सीमा की बैठक में अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, एसडीएम डभरा बालेश्वर राम, एसडीएम सक्ती अरुण कुमार सोम,एसडीएम मालखरौदा रूपेंद्र पटेल, जिला कोषालय अधिकारी उपेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टरी विश्वास कुमार, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कावेरी मरकाम सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

---



पालन-पोषण देखेरख परिवार को सपुर्द करते अधिकारी।

## बाल देखरेख संस्था में निवासरत बालकों को मिला परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल के मार्गदर्शन में संस्था में निवासरत विगत एक वर्ष में अब तक कुल 10 बालकों को पालन पोषण देखरेख परिवार से जोड़ा गया।

■ संस्था में निवासरत अब तक 10 बालकों को मिला पालन पोषण देखरेख परिवार

जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल ने बताया कि 17 जुलाई को जिले में संचालित बाल देखरेख संस्था हेल्प एण्ड हेल्पस समिति बाल गृह बालक जांजगीर में निवासरत 2 बालकों को पालन-पोषण देखेरख परिवार को नियमानुसार संरक्षण हेतु अस्थायी आदेश पर सपुर्द किया गया। परिवार द्वारा किये गये आवेदन के समस्त दस्तावेजों का अवलोकन करने के पश्चात सभी दस्तावेज सही पाये जाने पर बालक व परिवार का मैचिंग प्रक्रिया कराया गया। जहां बच्चों द्वारा परिवार के साथ रहने की इच्छा जाहिर किया गया एवं परिवार भी बालक को अपने साथ पालन-पोषण देखरेख हेतु ले जाने की सहमति पर संस्था में संरक्षण प्राप्त 2 बालकों को पालन-पोषण पारिवार को संरक्षण हेतु आदेश पारित किया गया। कार्यवाही में अध्यक्ष गणेश प्रसाद शर्मा, सदस्य तपोधन सिंह सिसोदिया, देव प्रसाद बर्मन, श्रीमती अनुराधा शुक्ला, श्रीमती आरती यादव सहित जिला बाल संरक्षण इकाई के समस्त स्टॉफ विशेष सहयोग रहा। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि पालन-पोषण देखरेख योजना शासन व महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत संचालित की जा रही है। जिसमें दम्पत्ति पालन पोषण हेतु नियमानुसार पात्र बच्चा अस्थायी रूप से गोद ले सकते है। अधिक जानकारी हेतु जिला बाल संरक्षण इकाई में संपर्क किया जा सकता है।

---



## डीएपी खाद लेने भटक रहे किसान

**चांपा।** सेवा सहकारी समितियों में इन दिनों डीएपी खाद की भारी किल्लत है, जिससे किसानों को सोसायटियों में डीएपी खाद लेने के लिए भटकना पड़ रहा हैं। इस वर्ष डीएपी खाद की भारी कमियों से किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं और खाद नहीं मिल पाने से वे बहुत ही दुःखी हैं। सेवा सहकारी समिति सिवनी चांपा क्रमांक 272 में इस वर्ष डीएपी खाद की भारी कमी है। शुक्रवार को यह तकरीबन 500 बोरी डीएपी खाद का भंडारण किया गया, जिसका वितरण 22 जुलाई मंगलवार को करने खाद वितरण का परमिट काटा जा रहा था, जिससे डीएपी खाद लेने भारी संख्या में किसान पहुंचे थे। खाद का भंडारण कम और उपभोक्ता अधिक होने से किसानों की भारी भीड़ सोसायटी में देखने को मिल रहा था, जिसमे खाद के लिए भारी भीड़ चलते बहुत किसानों को वापस लौटना पड़ा। खेतों में धान की पौधे जैसे बड़े होते जा रहे हैं वैसे ही खेतों में छिड़काव हेतु किसानों को उर्वरक खाद की आवश्यकता भी होने लगी है ,लेकिन सेवा सहकारी समितियों में डीएपी खाद की भारी कमी के कारण किसानों को चिंता सता रही हैं।

## कचरे से उठ रही बदबू से छात्र-छात्राएं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा



स्कूल परिसर के पीछे फैला कचरा।

ग्राम पंचायत तुस्मा में स्थित में शासकीय हाई स्कूल के विद्यालय के पीछे लंबे समय से जमा कचरे के कारण भारी बदबू फैल रही है, जिससे विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल के आसपास फैली गंदगी से न केवल वातावरण दूषित हो गया है, बल्कि इससे बच्चों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है। विद्यालय एक ऐसा स्थान होता है जहां बच्चों को स्वच्छ और शांत वातावरण में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिलना चाहिए, लेकिन तुस्मा पंचायत के इस विद्यालय में हालात इसके बिल्कुल विपरीत हैं। स्कूल भवन के ठीक पीछे ग्रामवासियों द्वारा नियमित रूप से कचरा फेंका जाता है। उस कचरे को समय पर साफ नहीं किया जाता, जिसके कारण वह सड़ने लगता है और उससे उठने वाली दुर्गंध से पूरी स्कूल में दमघोंटू माहौल बन जाता है। बच्चों का कहना है कि उन्हें बदबू के कारण पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होती है। कुछ बच्चों को सिरदर्द, उल्टी, और सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याएं भी होने लगी हैं। शिक्षकों ने भी कई बार पंचायत से शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। यह लापरवाही न केवल बच्चों की पढ़ाई में बाधा बन रही है, बल्कि उनके स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ है। स्थानीय अभिभावकों ने भी चिंता जताई है और प्रशासन से गुहार लगाई है कि स्कूल के पास नियमित सफाई करवाई जाए, और कचरा फेंकने के लिए किसी अलग स्थान की व्यवस्था की जाए।

■ ग्राम पंचायत तुस्मा में सफाई व्यवस्था चरमराई

## लीनेस क्लब ने विभिन्न प्रकार के पौधे का रोपण कर लिया सुरक्षा का संकल्प



**सक्ती।** ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सी एम-1संपदा सक्ती क्लब की डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लीनेस रीता राज ने अपने डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट वृछारोपण के तहत ग्राम गढ़ गोडी के मुक्ति धाम में पौधरोपण का आयोजन किया अपने पूरे परिवार प्रेरणा दायी पिता एवं लीनेस सदस्यों के साथ विभिन्न प्रकार के पौधौ जैसे बादाम, नीम, बहेरा, चन्दन, बेल कोसम, काजू, जामुन, गुल मोहर पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण के लिये ट्री गार्ड लगा पौधा को सुरक्षित वृछ बनाने का संकल्प लिया और कहा कि पौधे से हमे जीवन जीने के लिये आक्सीजन मिलता है पर्यावरण को स्वच्छ वातावरण मिलता है जानवरों और पक्षीयों को भोजन एवं आवास मिलता है सभी सदस्यों को स्नेक प्लांट,एवं ब्रह्म कमल का पौधा गमला में लगा उपहार दिया इस अवसर पर लीनेस अनीता सिंह, अध्यक्ष अल्का कंवर, कोषाध्यक्ष पूनम साहू, ललिता साहू, कलेश्वरी साहू, सुमन सिंह के साथ गाँव वासी एवं लीनेस सदस्यों का परिवार भी उपास्थित रहा।

---

## संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए पशुओं को लगाया गया टीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

पशुधन विकास विभाग द्वारा ग्राम बहेराडीह में पशुओं को बरसात के मौसम में होने वाली संक्रामक बीमारियों से बचाने गलघोटू तथा एक टंगिया बीमारी से बचाने के लिए 179 पशुओं का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 4 पशुओं का उपचार भी किया गया।

■ बहेराडीह में पशुधन विकास विभाग द्वारा टीकाकरण शिविर का आयोजन

पशुधन विकास विभाग के बलौदा ब्लॉक अंतर्गत कोसमंदा मुख्यालय के पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी डॉ जी डी महिलांगे ने बताया कि जाटा पंचायत के आश्रित ग्राम बहेराडीह में बरसात के मौसम में होने वाली मौसमी बीमारियों से बचाने गलघोटू और एक तंगिया बीमारी का नियंत्रण हेतू 179 पशुओ का टीकाकरण किया गया। इसके साथ 4 पशुओं का उपचार भी किया गया। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा प्रतिवर्ष पशुओं को मौसमी बीमारियों से बचाने गाँव के गोसेवक कृष्णो कश्यप, पशु सखी पुष्पा यादव और कृषक संगवारी दीनदयाल यादव के सहयोग से टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जाता है। गांव के प्रत्येक पशुपालको की पशुओ को शत प्रतिशत टीका लगाने कोटवार के माध्यम से मुनादी कराई जाती है।



पशुओं को टीका लगाते चिकित्सक।

वहीं विभाग की टीकाकरण शिविर में गांव के पशुपालको की सक्रिय भागीदारी होती है। टीकाकरण शिविर में पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी डॉ जी डी महिलांगे समेत रामू भैना गोसेवक कृष्णो कश्यप, कृषक संगवारी दीनदयाल यादव, पशु सखी पुष्पा यादव, क्रृषि सखी शशि कर्ष, सक्रिय महिला ललिता यादव और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सराहनीय योगदान रहा।

## शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत करने थाने पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा-गोधना




शिकायत लेकर थाना पहुंचे ग्रामीण।

ग्राम पंचायत कुकदा में शासकीय चारागाह भूमि पर अवैध कब्जा, आम रास्ता रोकने,जातिसूचक गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। इसको लेकर ग्रामवासियों में आक्रोश फैल गया और लगभग 30 से 40 ग्रामीणों ने 20 जुलाई को शिवरीनारायण थाना पहुंच कर गांव के ही एक व्यक्ति के विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कुकदा के पशुओं को चराने के लिए चरवाहे के माध्यम से शासकीय चारागाह की ओर ले जाया जा रहा था,जो कि एक आम सार्वजनिक रास्ते से होते हुए नाले की दिशा में जाता है। यह रास्ता ग्राम के ही अनुज राम कश्यप द्वारा जबरन कब्जा कर अवरुद्ध कर दिया गया है। ग्राम पंचायत द्वारा कई बार मौखिक रूप से चेतावनी देने के बावजूद उन्होंने रास्ता नहीं छोड़ा, सुबह जब गांव में बंधेज के बाद पशुओं को उक्त रास्ते से ले जाया जा रहा था, तब अनुज राम कश्यप ने न केवल रास्ता रोका,बल्कि जानबूझकर पशुओं को किसानों की फसल की ओर खदेड़ दिया,जिससे किसानों की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। इस दौरान मौके पर ग्राम सरपंच संतोष कुमार भारद्वाज, पंचगण जनपद सदस्य एवं कोटवार भी मौके पर उपस्थित थे, लेकिन स्थिति और गंभीर हो गई। पुलिस से आरोपी के विरुद्ध सख्त धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध करने की मांग की है।

---

आचार्य चाणक्य सभागार में मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

# संगीत जीवन के कण-कण एवं क्षण-क्षण में व्याप्तः पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा




कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

शारदा संगीत महाविद्यालय बिर्रा एवं संस्कार भारती जिला इकाई सक्ती के संयुक्त तत्वधान में आचार्य चाणक्य सभागार में 20 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। अभ्यागत के रूप में दिनेश चंद्रा संचालक डीपीएस बिर्रा, बनवारी लाल कश्यप से.नि. एस. डी. ओ., रामगोपाल तिवारी मण्डल संघ चालक, कृष्णकुमार देवांगन व्याख्याता, मणिलाल कश्यप सामाजिक कार्यकर्ता, रामकिशोर देवांगन, छवि पटेल प्रधान पाठक, कमल प्रसाद कुर्रे व्याख्याता उपस्थित थे।

धर्म गुरुओं में पं. वीरेंद्र दुबे भागवताचार्य, पं. विनोद दुबे भागवत प्रवक्तता, पं. दिलीप पाण्डेय भागवताचार्य एवं संगीत गुरु में खीकराम कश्यप प्राचार्य,गु.घा.संगीत महा.हसौद,लोकेश देवांगन बनारस घराना, जयंत कश्यप संगीत शिक्षक बिर्रा, श्रवण थवाईत, संतोष कश्यप रहे। धर्म व संगीत गुरुओं का सम्मान शाल, श्रीफल, डायरी पेन व प्रशस्ति पत्र से किया गया। अपने उद्बोध्न में दिलिप पांडेय ने कहा जीवन संगीत के कण - कण, क्षण-क्षण में व्याप्त है। वीरेंद्र दुबे ने कहा भगवन व्यास नारायण के इस जन्म जयंती के महोत्व को ही गुरु पूर्णिमा कहा जाता है। यह पर्व नहीं, एक उत्सव है जो पूर्णरूपेण अनवरत है। विनोद दुबे ने कहा कि भगवान कृष्णद्वैपायन ने सामवेद को श्रुति से साहित्य बनाया जो संगीत की जननी है। लोकेश ने कहा संगीत न केवल संगीत है ,अक्षरों को हेर फेर करने पर संगी, संत,गीत बन जाता है। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण तिवारी द्वारा किया गया। तत्पश्चात जयेश कश्यप द्वारा राग आसावरी प्रस्तुत किया गया। तबला संगत श्रवण थवाईत किया गया। हिमेश द्वारा राग भीम पलासी, त्रिशाला द्वारा भूपाली, चांदनी द्वारा राग भैरवी एवं अनुराग व हेमन्त के द्वारा राग भैरव एवं भजन प्रस्तुत किया गया। तबला संगत किरीट साहू द्वारा किया गया। कृष्णोलाल साहू द्वारा राग भैरवी तीनताल एवं भजन गाया गया तथा भूपेंद्र कश्यप द्वारा भैरवी में भवानी दयानी तथा गुरु भजन प्रस्तुत किया गया। तबले पर संगत संतोष आदित्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन मनोज तिवारी महामन्त्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर किरण यादव,रामेश्वर कश्यप,रेशमलाल कश्यप, दुष्यंत साहू, आदि उपस्थित रहे।

## बुजुर्गों और बच्चों को बांटी उपयोगी सामग्री, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**चांपा।** मानवता की सेवा और सामाजिक सरोकारों को समर्पित बीबी फातिमा वेलफेयर फाउंडेशन की टीम ने 20 जुलाई को देव सेवा समिति वृद्ध आश्रम में रहने वाले लोगों से मिलने पहुंचे।

इस आश्रम में वृद्धजनों के साथ-साथ मानसिक दिव्यांग बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय भी संचालित है। फाउंडेशन की दस सदस्यीय टीम अपने साथ बुजुर्गों और बच्चों के लिए उपयोगी सामग्री लेकर पहुंची। टीम ने आश्रम को बल्ब, ज़रूरी डेली नीड सामग्री, स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए स्टेशनरी सामग्री, महिलाओं के लिए कपड़े, ताजे फल, मिठाइयां और तौलिए भेंट किए। इस सेवा कार्य के साथ-साथ टीम ने पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। फाउंडेशन की ओर से देव सेवा समिति के संचालक देवप्रसाद बर्मन को एक पौधा भेंट किया गया, जो हरित पर्यावरण का प्रतीक है। यह पहल न सिर्फ सेवा भाव को दर्शाती है बल्कि समाज में सकारात्मक सोच और प्रकृति प्रेम को बढ़ावा देती है।



श्रद्धांजलि
जन-जन के प्रिय नेता
स्व. बिसाहूदास जी महंत
की 47वीं पुण्यतिथि पर
विनम्र श्रद्धांजलि...
सुनील साधवानी
कार्यकारी अध्यक्ष
ब्लॉक (शहर) कांग्रेस कमेटी
चांपा





श्रद्धांजलि
जन-जन के प्रिय नेता
स्व. बिसाहूदास जी महंत
की 47वीं पुण्यतिथि पर
विनम्र श्रद्धांजलि...
संतोष अग्रवाल
विशाल केडिया
प्रदेश उपाध्यक्ष
छ.ग. चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इण्डस्ट्रीज, रायपुर
-संबंधित फर्म-
श्री लक्ष्मी इंजीनियरिंग वर्क्स
श्री श्याम इंडेन चांपा




श्रद्धांजलि
जन-जन के प्रिय नेता
स्व. श्री बिसाहूदास महंत
की 47 वीं पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि...
नागेन्द्र कुमार गुप्ता
पूर्व पार्षद वार्ड क्र. 21, चांपा
प्रवक्ता, जिला कांग्रेस कमेटी
जांजगीर-चांपा
श्याम लाल कुर्रे
पूर्व पार्षद
नगर पालिका परिषद, चांपा




श्रद्धांजलि
जन-जन के प्रिय नेता
स्व. श्री बिसाहूदास महंत
की 47 वीं पुण्यतिथि पर
विनम्र श्रद्धांजलि...
गोपाल गुलशन सोनी
जन सेवक
जांजगीर-चांपा

श्रद्धांजलि
जन-जन के प्रिय नेता
स्व. बिसाहूदास जी महंत
की 47वीं पुण्यतिथि पर
विनम्र श्रद्धांजलि...
विनोद तिवारी
युवा कांग्रेस नेता, सदर बाजार, चांपा
संबंधित फर्म
महाराज विनोद ज्वेलर्स
सेन्ट्रल बैंक के सामने, चांपा




श्रद्धांजलि
जन-जन के प्रिय नेता
स्व. बिसाहूदास जी महंत
की 47वीं पुण्यतिथि पर
विनम्र श्रद्धांजलि...
नारायण सोनी
पूर्व अध्यक्ष
नगर कांग्रेस कमेटी, चांपा
संरक्षक-छ.ग. सराफा संघ
राजकुमार सोनी
पूर्व एल्डरमैन
नगर पालिका परिषद, चांपा




श्रद्धांजलि
जन-जन के प्रिय नेता
स्व. बिसाहूदास जी महंत
की 47वीं पुण्यतिथि पर
विनम्र श्रद्धांजलि...
बुटू देवांगन
कांग्रेस नेता
चांपा




श्रद्धांजलि
जन-जन के प्रिय नेता
स्व. बिसाहूदास जी महंत
की 47वीं पुण्यतिथि पर
विनम्र श्रद्धांजलि...
आशीष गोयल (मोनू) चांपा
पीयूष गोयल (गोपू) चांपा




श्रद्धांजलि
जन-जन के प्रिय नेता स्व. बिसाहूदास जी महंत
की 47वीं पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि...
डॉ. के.पी. राठौर
वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ
डॉ. अतुल राठौर
शिशु एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
संबंधित प्रतिष्ठान
हेमिन बाई रामनारायण मेमोरियल प्रसूति हॉस्पिटल, चांपा




भावभीनी श्रद्धांजलि
जन-जन के मूर्धन्य जन नेता परम आदरणीय बाबू जी
स्व. बिसाहू दास जी महंत
की 47वीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि
श्रद्धावनत :-
प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड
स्पंज आयरन एवं पॉवर डिवीजन
पोस्ट-चांपा 495671 जिला - जांजगीर-चांपा (छ.ग.)




जन-जन के प्रिय नेता
स्व. बिसाहूदास जी महंत
की 47वीं पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि...
राजेश अग्रवाल
पूर्व अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, चांपा




जन-जन के प्रिय नेता
स्व. बिसाहूदास जी महंत
की 47वीं पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि...
पंकज शुक्ला
विधानसभा अध्यक्ष, युवक कांग्रेस
जांजगीर-चांपा विधानसभा




जन-जन के प्रिय नेता
स्व. बिसाहूदास जी महंत
की 47वीं पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि...
हरीश पाण्डेय
पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष
नगर पालिका परिषद, चाम्पा




विनीत : **कांति केशरवानी**, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत खरौद